छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

पंचम विधान सभा   सप्तदश: सत्र   अंक-01

रायपुर, मंगलवार, दिनांक 18 जुलाई, 2023

(आषाढ़ 27, शक संवत् 1945)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत/राज्यगीत

राष्ट्रगीत "**वन्दे मातरम्**" एवं राज्यगीत "**अरपा पइरी के धार**" का गायन किया गया ।

2.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री विद्यारतन भसीन, छत्तीसगढ़ की पंचम विधान सभा के सदस्य एवं श्री भानुप्रताप सिंह, अविभाजित मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये ।

श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, श्री नारायण चंदेल, नेता प्रतिपक्ष, सर्वश्री अजय चन्द्राकर, बृजमोहन अग्रवाल, शिवरतन शर्मा, सदस्य, श्री मोहन मरकाम, आदिम जाति विकास मंत्री, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी एवं डॉ. रमनसिंह, सदस्य ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.26 बजे विधान सभा की कार्यवाही, बुधवार, दिनांक 19 जुलाई, 2023 (आषाढ़-28, शक संवत् 1945) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

दिनेश शर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा